Reg. No. 75/2002

R.M. EDUCATIONAL TRUST
KOTA-RAJASTHAN



# Prospectus

# R.M. MEMORIAL
# WOMEN TEACHER TRAINING COLLEGE

प्रिय छात्राध्यापिकाओं



# आपका इस शिक्षा के मन्दिर में हार्दिक स्वागत एवं आत्मिक अभिनन्दन

आर.एम.एज्यूकेशनल ट्रस्ट की स्थापना के पीछे उद्‌देश्य शैक्षणिक जगत में बढ़ रही प्रतिस्पर्द्धा को ध्यान में रखते हुए उच्च मापदण्डों का निर्वहन करते हुए निम्न व मध्यम वर्ग शिक्षा का विकास करना रहा है।

मेरे पिता स्वर्गीय श्री रसूल मोहम्मद साहब की याद में इस ट्रस्ट का गठन किया गया। आपका पूरा जीवन साधारण एवं उच्च विचारों से परिपूर्ण रहा। आपने शिक्षा एवं समाज के उत्थान में उत्कृष्ट सहयोग प्रदान किया है, आपका जीवन समाज के लिए साधारण व्यक्तित्व का परिचायक रहा है। आपके विचारों को समाज में शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाने का प्रयास इस ट्रस्ट के माध्यम से किया जायेगा। ट्रस्ट द्वारा पूर्व में प्रगति पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल का संचालन किया जा रहा है। महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आर.एम.मेमोरियल महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना की गई।

हमारा संकल्प है कि समाज में सभी वर्गो के लिए उचित एवं उत्कृष्ट शिक्षा देने की व्यवस्था की जाये एवं उसका लाभ सभी धर्मो व समाज के व्यक्तियों को मिल सके।

मेरा सभी छात्राध्यापिकाओं से अनुरोध है कि देश-प्रेम से ओत प्रोत होकर सामाजिक मूल्यों की गरिमा बनाये रखते हुए शिक्षा प्राप्त करें एवं समाज में महाविद्यालय द्वारा दिये गये संस्कारो को प्रतिपादित कर अपने समाज एवं देश का नाम रोशन करें।

जय हिन्द ! जय भारत !

**डॉ. ज़फर**
मेनेजिंग ट्रस्टी
आर.एम. एज्यूकेशनज ट्रस्ट, कोटा

# PRAGATI GROUP OF ACADEMIES

Pragati Public Senior secondary school(CBSE)

Pragati International school

Pragati S.T.C. Institute

Pragati Girl's College

Pragati Teacher's Training College

Pragati Public Senior secondary school (RBSE)

R.M. Memorial Women Integrated B.Ed. College

R.M. Memorial Women Teacher Training College

# प्रगति गीत

प्रगति के पथ पर हो निरंतर अग्रसर यही शुभ भावना हो।
झूठ पाप से बचे हुए, धर्म से सदा जुड़े हुए, वही पाक मंजिले हमारी हो।
वही पाक राहें हमारी हो। हे दाता! हे ज्ञाता! हे विश्वविधाता
हे विश्वविधाता, विश्वविधाता।

सत्य धर्म की धारा अविरल बहती रहे।
मन हो निर्मल, ह्रदय हो पावन सत् का साथ रहे।
छिपे हुए हैं, कुक्षि में जो, वो मोती निखरने दो,
हे विश्वविधाता!, विश्वविधाता!
प्रगति के पथ पर हो निरंतर अग्रसर यही शुभ भावना हो।

ऋतु के प्रथम फूल बन, खिलते रहें हम।
चहुँ ओर चहुँ दिक् बनके, सौरभ महके हम।
मिटा लेंगे हम खुद को ही, नव आकृति सँवरने दो।
हे विश्वविधाता!  विश्वविधाता!
प्रगति के पथ पर हो निरंतर अग्रसर यही शुभ भावना हो।

कभी न जज्बातों से हिलें, कभी न झंझावात से डिगे।
राह का जो भी तम हो, नैतिक मानव मन हो।
कभी न बुझ सके जो, वो ज्योति भरने दो।
हे विश्वविधाता! विश्वविधाता!
प्रगति के पथ पर हो निरंतर अग्रसर यही शुभ भावना हो।

# प्रवेश प्रक्रिया

**बी.एड.— आवश्यक दस्तावेज**

राज्य सरकार द्वारा निर्धारित विश्वविधालय द्वारा आयोजित शिक्षक शिक्षा पूर्व प्रवेश परीक्षा (पी.टी.ई.टी.) में मेरिट के आधार पर छात्राध्यापिकाओं का चयन होता है, जिसकी विषय सूची सम्बन्धित पी.टी.ई.टी. परीक्षा आयोजित करने वाले विश्वविद्यालय से प्राप्त होती है। प्रवेश के लिए निर्धारित दिवस पर छात्राध्यापिकाओं को निम्नांकित मूल प्रमाण–पत्रों तथा उनकी फोटो प्रतियों के साथ उपस्थिति देनी होती है।

1. सैकण्डरी परीक्षा प्रमाण–पत्र।
2. सैकण्डरी परीक्षा अंकतालिका।
3. सीनियर सैकण्डरी परीक्षा अंकतालिका।
4. सीनियर सैकण्डरी परीक्षा प्रमाण–पत्र।
5. प्रथम वर्ष (स्नातक) अंकतालिका ।
6. द्वितीय वर्ष (स्नातक) अंकतालिका।
7. तृतीय वर्ष (स्नातक) अंकतालिका।
8. अधिस्नातक प्रथम वर्ष अंकतालिका ।
9. अधिस्नातक अंतिम वर्ष अंकतालिका।
10. विशिष्ट वर्ग प्रमाण–पत्र।
11. सेवारत का कार्यमुक्ति प्रमाण पत्र।
12. आधार कार्ड।
13. महाविद्यालय में प्रवेश हेतु दिया गया आवंटन पत्र।
14. मूल निवासी प्रमाण–पत्र (पी.टी.ई.टी के लिए दिए गए ''सामान्य दिशा निर्देशों'' के अनुसार)।
15. जाति प्रमाण–पत्र।
16. अंतिम संस्था का स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र।
17. अंतिम संस्था का चरित्र प्रमाण–पत्र।
18. चार नवीनतम फोटोग्राफ।
19. फीस रसीद (दो) (प्रथम चालान), (द्वितीय चालान)।

# प्रवेश प्रक्रिया

**इन्टीग्रेटेड बी.एड. — आवश्यक दस्तावेज**

राज्य सरकार द्वारा निर्धारित विश्वविधालय द्वारा आयोजित शिक्षक शिक्षा पूर्व प्रवेश परीक्षा (पी.टी.ई.टी.) में मेरिट के आधार पर छात्राध्यापिकाओं का चयन होता है, जिसकी विषय सूची सम्बन्धित पी.टी.ई.टी. परीक्षा आयोजित करने वाले विश्वविद्यालय से प्राप्त होती है। प्रवेश के लिए निर्धारित दिवस पर छात्राध्यापिकाओं को निम्नांकित मूल प्रमाण–पत्रों तथा उनकी फोटो प्रतियों के साथ उपस्थिति देनी होती है।

1. सैकण्डरी परीक्षा प्रमाण–पत्र।
2. सैकण्डरी परीक्षा अंकतालिका।
3. सीनियर सैकण्डरी परीक्षा अंकतालिका।
4. सीनियर सैकण्डरी परीक्षा प्रमाण–पत्र।
5. विशिष्ट वर्ग प्रमाण–पत्र।
6. माईग्रेशन प्रमाण–पत्र (सीनियर सैकेण्डरी)
7. महाविद्यालय में प्रवेश हेतु दिया गया आवंटन पत्र।
8. मूल निवासी प्रमाण–पत्र (पी.टी.ई.टी.) के लिए दिए गए सामान्य दिशा निर्देशों के अनुसार।
9. जाति प्रमाण–पत्र।
10. आधार कार्ड
11. अंतिम संस्था का स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र।
12. अंतिम संस्था का चरित्र प्रमाण–पत्र।
13. चार नवीनतम फोटोग्राफ।
14. फीस रसीद (दो) (प्रथम चालान), (द्वितिय चालान)।

## प्रवेश सम्बन्धी नियम

1. इस महाविद्यालय में प्रवेश पी.टी.ई.टी. परीक्षा के माध्यम से आवंटन के आधार पर होता है। प्रवेश के संदर्भ में पी.टी.ई.टी के सामान्य निर्देशों, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् एवं विश्वविद्यालय के नियमों का पालन किया जाता है।

2. कोटा विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य विश्वविद्यालयों में अंतिम परीक्षा उपाधिकारी प्रवेशार्थियों को सम्बन्धित विश्वविद्यालय का प्रव्रजन प्रमाण पत्र (माइग्रेशन) परीक्षा आवेदन पत्र के साथ जमा कराना अनिवार्य है।

3. प्रवेश के समय आवश्यक मूल प्रमाण पत्र जमा करवाना अनिवार्य है।

4. सेवारत अध्यापिकाओं को (महाविद्यालय में) प्रवेश होने के प्रथम दिन से ही अपने विद्यालय का कार्यमुक्ति पत्र प्रस्तुत कर महाविद्यालय में उपस्थित रहना होगा अन्यथा उनका नाम स्वतः निरस्त हो जायेगा । प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने पर ही उन्हे कार्यमुक्त किया जायेगा।

## वेशभूषा सम्बन्धी नियम

| बी.एड. (दो वर्षीय) | इन्टीग्रेटेड बी.एड. (चार वर्षीय) |
|---|---|
| ◆ **साड़ी एवं सूट लाइट ग्रीन (सर्दीयों के आवश्यकतानुसार) काले जूते सफेद मोजे एवं ब्लेक स्वेटर** | ◆ **कुर्ता सलवार (लाइट स्काई ब्लू) (सर्दीयों में आवश्यकतानुसार काले जूते, सफेद मोजे एवं नेवी ब्लू स्वेटर)** |

## उपस्थिति एवं अवकाश सम्बन्धी नियम

1. विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार उपस्थिति पूर्ण होनी चाहिए। सैद्धान्तिक कक्षाओं में 75 प्रतिशत तथा प्रायोगिक या शिक्षण अभ्यास के दौरान 100 प्रतिशत अनिवार्य है। उपस्थिति कम होने वाले प्रशिक्षणार्थी को विश्वविद्यालय परीक्षा से वंचित कर दिया जायेगा।

2. अवकाश स्वीकृति के अभाव में अनुपस्थित रहने पर अनुशासन हीनता मानकर दण्डित किया जायेगा ।

3. बिना अवकाश स्वीकृति कराये लगातार 5 दिन तक अनुपस्थित रहने पर सम्बन्धित प्रशिक्षणार्थी का नाम महाविद्यालय से काट दिया जायेगा। प्राचार्य द्वारा अनुपस्थिति के कारण के बारे में संतुष्ट होने पर ही पुनः प्रवेश, निर्धारित पुनः प्रवेश शुल्क एवं दण्ड शुल्क जमा कराने पर ही सम्भव होगा।

4. प्रशिक्षण अवधि में उपस्थिति की अनिवार्यता सर्वोपरि है।

# अनुशासन एवं आचरण सम्बन्धी नियम

1. प्रशिक्षणार्थियों का महाविद्यालय की दैनिक प्रार्थना सभा में यथा समय पर उपस्थित रहना अनिवार्य है।
2. बी.एड./इन्टीग्रेटेड बी.एड. पाठ्यक्रम पूरे सत्र तक पूर्णकालिक है। प्रशिक्षण काल में कहीं भी नियुक्ति लेकर सेवा करने और किसी भी अन्य पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर प्रशिक्षणार्थी का नाम महाविद्यालय से निरस्त कर दिया जायेगा। ऐसी परिस्थिति में उत्पन्न होने वाली समस्याओं के लिए प्रशिक्षणार्थी स्वयं उत्तरदायी एवं जिम्मेदार होगा।
3. अध्यापक प्रशिक्षण अवधि के दौरान सभी से शिष्टतापूर्ण व्यवहार की अपेक्षा की जाती है। पारस्परिक व्यवहार में स्नेह, आत्मीयता तथा सम्मान का भाव रहना चाहिए। महाविद्यालय परिसर में एवं बाहर अध्यापकोचित, गरिमा युक्त व शालीनतापूर्ण व्यवहार की अपेक्षा की जाती है।
4. महाविद्यालय द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों की अनुपालना सभी प्रशिक्षणार्थियों से अपेक्षित है।
5. सभी प्रशिक्षणार्थियों का महाविद्यालयी के दैनिक कार्यक्रमों तथा पाठ्य सहगामी क्रियाओं में सक्रियता पूर्वक भाग लेना अनिवार्य है।
6. महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं व्यवस्था बनाये रखने के सामूहिक उत्तरदायित्व का पालन करना सबके लिए आवश्यक है। महाविद्यालय सम्पत्ति के प्रति अपनत्व की भावना रखने की सभी से अपेक्षा है। उसकी सुरक्षा एंव समुचित उपयोग हेतु सचेष्ट रहना चाहिए।
7. प्रशिक्षणार्थियों को अपना परिचय पत्र हमेशा अपने साथ (पास) रखना चाहिए।
8. प्रशिक्षणार्थियों को प्राध्यापकों का उचित सम्मान करना चाहिए तथा महाविद्यालय के कार्यालय कर्मचारियों, पुस्तकालयाध्यक्ष आदि के प्रति सद्व्यवहार करना चाहिए ।
9. प्रशिक्षणार्थी प्रतिदिन महाविद्यालय के सूचना पट्ट को देखें। कार्यालय किसी भी ऐसे बहाने को मान्यता नहीं देगा कि प्रशिक्षणार्थी ने सूचना पट्ट नहीं देखा था और उसे किसी विशेष आदेश की जानकारी नहीं थी।
10. महाविद्यालय की समस्त सूचनाओं से प्रशिक्षणर्थी अवगत रहे, अलग से आपके घर पर सूचनाएं देना सम्भव नहीं होगा।
11. प्रशिक्षणार्थी को स्वतन्त्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं अन्य प्रमुख अवसरों पर अनुपस्थित होने पर निर्धारित आर्थिक दण्ड देना होगा जो छात्र हितार्थ प्रयोग होगा।
12. प्राचार्य को परिचायिका नियमों में परिवर्तन, परिवर्द्धन एवं संशोधन करने का पूर्ण अधिकार है।

# पुस्तकालय सम्बन्धी नियम

1. पुस्तकालय का उपयोग केवल महाविद्यालय के नियमित प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ही किया जा सकता है।
2. पुस्तकालय में प्रवेश हेतु परिचय–पत्र दिखाना अनिवार्य है। अपनी पुस्तकें, कॉपियां या अन्य वस्तुऐं पुस्तकालय कक्ष से बाहर रखकर ही पुस्तकालय कक्ष में प्रवेश करें।
3. प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को पुस्तकालय से पुस्तकालयी कार्ड मिलेंगा। कार्ड प्राप्त करते समय अपना सत्यापित परिचय पत्र प्रस्तुत करना भी अनिवार्य होगा।
4. एक विद्यार्थी एक बार में किसी भी पुस्तक को अधिकतम 15 दिन तक अपने पास रख सकता है। यदि पुस्तक अन्तिम तिथि तक लौटाई नही जाती है। तो एक रूपये प्रतिदिन के हिसाब से विलम्ब शुल्क देना होगा।
5. आवश्यकता होने पर प्राचार्य किसी भी विद्यार्थी से पुस्तक 15 दिन समाप्त होने से पूर्व भी पुस्तकालयाध्यक्ष के माध्यम से मंगवा सकते है।
6. प्रशिक्षणार्थी किसी भी उपलब्ध पुस्तक को अपने लिए आरक्षित करवा सकते है।
7. विशिष्ट पुस्तक एक बार देने के पश्चात पुनः नही दी जायेगी परंतु विशेष परिस्थितियों में पुस्तकालयाध्यक्ष यदि उक्त पुस्तक की मांग किसी अन्य विद्यार्थी द्वारा न की गई हो तो, अधिक से अधिक 7 दिन के लिए पुनः दे सकते है।
8. पुस्तकालय में अध्ययन हेतु काउन्टर बुक्स का प्रावधान है। काउन्टर बुक्स पुस्तकालय भवन से बाहर ले जाना दण्डनीय है।
9. शब्दकोष व अन्य ऐसी ही संदर्भ पुस्तकें घर के लिए प्रदान नही की जायेगी।
10. पुस्तकालय से पुस्तक लेते समय विद्यार्थी सुनिश्चित कर ले कि पुस्तक में पृष्ठ पूरे है। यदि पुस्तक की वापसी पर पुस्तक में पृष्ठ कम या फटे पाये गये तो उसका उत्तरदायित्व भी स्वयं विद्यार्थी का होगा।
11. पुस्तकालय कार्ड के खो जाने पर पुस्तकालयाध्यक्ष के पास आवेदन पत्र के साथ 10 रू. प्रति कार्ड (जो लौटाया नहीं जायेगा) जमा कराना होगा तत्पश्चात नया कार्ड दिया जायेगा।
12. प्रत्येक पुस्तकालय कार्ड पूर्णतः अहस्तान्तरणीय है।
13. सत्र समाप्त होने से पूर्व सभी पुस्तकें व पुस्तकालय कार्ड पुस्तकालय में लौटा कर **No Dues** प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा जिसके बिना परीक्षा प्रवेश पत्र नहीं मिलेगा।
14. पुस्तकालय सम्बन्धी कोई भी कठिनाई होने पर प्रशिक्षणार्थी पुस्तकालयाध्यक्ष से सम्पर्क करें।

# अन्य प्रमुख नियम

1. प्रत्येक छात्राध्यापिका के लिए पंचांग / (कलेण्डर) समय सारणी एवं समय–समय पर प्रसारित नियमों की पालना करना आवश्यक है।

2. बी.एड. एवं इन्टीग्रेटेड बी.एड. प्रशिक्षण की अवधि में पूर्णकालिक अथवा अशंकालिक किसी भी प्रकार की नौकरी अथवा अतिरिक्त पाठ्यक्रम स्वीकारना पूर्णतया वर्जित है।

3. राजकीय सेवा में कार्यरत छात्राध्यापिकायें महाविद्यालय में प्रवेश हेतु कार्यमुक्ति प्रमाण पत्र साथ लाऐं अन्यथा उन्हें प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

4. प्रत्येक छात्राध्यापिका विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उपस्थिति पूर्ण करने पर ही वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगी।

5. अध्यापन–अभ्यास एवं महाविद्यालय की अन्य गतिविधियों के समय किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नही किया जायेगा एवं अनुपस्थित रहने वाले छात्राध्यापिका वार्षिक परीक्षा से स्वतः ही वंचित हो जायेगी।

6. प्रत्येक छात्राध्यापिका को अध्यापन अभ्यास और विशेष अवसरों पर महाव़िद्यालय गणवेश में आना अनिवार्य होगा।

7. महाविद्यालय में प्रवेश लेने के पश्चात बी.एड. प्रशिक्षण छोड़ने पर जमा किया हुआ शुल्क किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जायेगा।

# SYLLABUS

## B.Ed. Examination 2024-25

| CLASS | COMPULSORY SUBJECT | PEDAGOGY SUBJECT | | |
|---|---|---|---|---|
| | | ARTS | SCIENCE | COMMERCE |
| **B.Ed. I Year Sem - I** | Childhood and Growing up | | | |
| | Contemporary India & Education | | | |
| | Learning and Teaching | | | |
| | Language Across the Curriculum | | | |
| | EPC-01 Reading & Reflecting on texts Internal Assessment | | | |
| | EPC-02 Drama & Art in Education Internal Assessment | | | |
| | EPC-03 Critical understanding ICT Internal Assessment | | | |
| | Micro Teaching | | | |
| **B.Ed. I Year Sem - II** | Knowledge & Curriculam | 1. Hindi<br>2. English<br>3. Sanskrit<br>4. Urdu<br>5. Social Science | 1. General Science<br>2. Mathematics | 1. Financial Accounting |
| | Understanding Disciplines and suniects | | | |
| | Gender, School & Society | | | |
| | Pedagogy of school subject (First sub.) | | | |
| | Paper to be selected from Pool A | | | |
| | Community Work | | | |
| | School Internship Phase 1 (4 Weeks) Internal Assessment | | | |
| | Final Lesson, I Pedagogy | | | |
| **B.Ed. II Year Sem - III** | Assessment for learning | 1. Social Science<br>2. Civics<br>3. Economics<br>4. Geography<br>5. History<br>6. Art<br>7. Home Sciece | 1. Biology<br>2. Chemistry<br>3. Physics | 1. Business Org. |
| | Creating an inclusive School | | | |
| | Pedagogy of school subject (Second sub.) | | | |
| | Optional Course: (A) Health & Physical Education | | | |
| | Paper to be selected from pool B | | | |
| | EPC- 04 Understanding the self | | | |
| | Simulation & Criticism Lessons | | | |
| | Communication Skil | | | |
| | Yoga & Self Development | | | |
| **B.Ed. II Year Sem - IV** | School Internship Phase II (16 Weeks) | | | |
| | Viva-Voca | | | |
| | Case Study - Institution/Students | | | |
| | Final Lesson II Pedagogy | | | |

# SYLLABUS

## Integrated B.A.B.Ed. / B.Sc. B.Ed. (2024-25)

<table>
<tr><th rowspan="2">Class</th><th rowspan="2">Compulsory Subject</th><th colspan="2">Elective/Practicm Subject</th><th colspan="2">Pedagogy Subject</th></tr>
<tr><th>B.A.B.Ed.</th><th>B.Sc.B.Ed.</th><th>B.A.B.Ed.</th><th>B.Sc.B.Ed.</th></tr>
<tr><td>B.A.B.Ed.<br>B.Sc. B.Ed.<br>I Year, Sem- I</td><td>Childhood and Growing up<br>General Hindi</td><td rowspan="4">Select any three<br>1. Hindi Literature<br>2. English Literature<br>3. Sanskrit<br>4. Urdu<br>5. Political Science<br>6. Geography<br>7. Sociology<br>8. Economics<br>9. History<br>10. Home Science</td><td rowspan="4">Select any three<br>1. Chemistry<br>2. Mathematics<br>3. Physics<br>4. Botany<br>5. Zoology</td><td rowspan="4"></td><td rowspan="4"></td></tr>
<tr><td>B.A.B.Ed.<br>B.Sc. B.Ed.<br>I Year, Sem- II</td><td>Contemporary India And Education<br>General English<br>Open Air/SUPW</td></tr>
<tr><td>B.A.B.Ed.<br>B.Sc. B.Ed.<br>II Year, Sem- III</td><td>Knowledge & Curriculum<br>Enveiroment Science</td></tr>
<tr><td>B.A.B.Ed.<br>B.Sc. B.Ed.<br>II Year, Sem- IV</td><td>Learning and Teaching<br>Drama and art in Education<br>Computer Appliction</td></tr>
<tr><td>B.A.B.Ed.<br>B.Sc. B.Ed.<br>III Year</td><td>Language Across the Curriculum<br>Guidance and Counseling in school<br>Elementary Computer Application</td><td><u>Select any three</u><br>1. Hindi Literature<br>2. English Literature<br>3. Sanskrit<br>4. Urdu<br>5. Political Science<br>6. Geography<br>7. Sociology<br>8. Economics<br>9. History<br>10. Home Science<br><u>Practicum</u><br>•Micro Teaching<br>•Simulated Teaching<br>•Practice Lesson Observation<br>•Teaching of Peer<br>•Technology Based Lesson<br>•Criticism Lesson</td><td><u>Select any three</u><br>1. Chemistry<br>2. Mathematics<br>3. Physics<br>4. Botany<br>5. Zoology<br><u>Practicum</u><br>•Micro Teaching<br>•Simulated Teaching<br>•Practice Lesson Observation<br>•Teaching of Peer<br>•Technology Based Lesson<br>•Criticism Lesson</td><td><u>Pedaogogy Subject</u><br>1. Hindi<br>2. Sanskrit<br>3. English<br>4. Urdu<br>5. History<br>6. Economics<br>7. Civics<br>8. Geography<br>9. Social Science<br>10. Home Science<br>11. Art</td><td><u>Pedaogogy Subject</u><br>1. General Science<br>2. Biology<br>3. Chemistry<br>4. Mathematics<br>5. Physics</td></tr>
</table>

| Class | Compulsory Subject | Elective/Practicm Subject | | Pedagogy Subject | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | B.A.B.Ed. | B.Sc.B.Ed. | B.A.B.Ed. | B.Sc.B.Ed. |
| **B.A.B.Ed.<br>B.Sc. B.Ed.<br>IV Year** | Environmental Studies<br>Creating an inclusive School<br>Understanding Disciplines and subject.<br>Physical Education & Yoga<br>Gender School and Society<br>Assessment for learning | **Practicum**<br>• Practice Teaching<br>• Block Teaching<br>• Report of any feature of school/ Case study/Action Research<br>• Criticism Lesson | **Practicum**<br>• Practice Teaching<br>• Block Teaching<br>• Report of any feature of school/ Case study/Action Research<br>• Criticism Lesson | **Pedaogogy Subject**<br>1. Hindi<br>2. Sanskrit<br>3. English<br>4. Urdu<br>5. History<br>6. Economics<br>7. Civics<br>8. Geography<br>9. Social Science<br>10. Home Science<br>11. Art | **Pedaogogy Subject**<br>1. General Science<br>2. Biology<br>3. Chemistry<br>4. Mathematics<br>5. Physics |

# UNIVERSITY OF KOTA MERIT HOLDERS



**DIMPLE SHARMA**
B.Ed. 2007-2008
80.7%
1st Rank



**SHABANA AJAMI**
B.Ed. 2008-2009
82.6%
1st Rank



**SHALINI SINGH**
B.Ed. 2011-2012
84.4%
1st Rank



**PRIYANKA KAUSHIK**
B.Ed. 2015-2017
87.07%
1st Rank



**TARUNA KUMARI**
B.Ed. 2021-2022
87.93%
5th Rank




**MAHIMA GALAV**
B.Ed. 2021-2022
87.71%
6th Rank



**NEHA VERMA**
B.Sc.B.Ed.2021-2022
82.45%
6th Rank



**DEEPTI KHATRI**
B.A.B.Ed.2021-2022
78.16%
5th Rank




R.M. EDUCATIONAL TRUST
KOTA-RAJASTHAN

# R.M. MEMORIAL WOMEN TEACHER TRAINING COLLEGE

Jan nayar Bhawan, Station Road, Kota- 324001 (Raj.)

Ph. & Fax : 2450761